बोर्ड परीक्षा : जिले में 7 अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्र

जिले के 66 परीक्षा केन्द्रों में 28 हजार से अधिक परीक्षार्थी देंगें बोर्ड परीक्षा, 13 संवेदनशील परीक्षा केन्द्र

नवभारत न्यूज

सीधी 15 जनवरी। जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिये 7 अति संवेदनशील एवं 13 संवेदनशील परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिले के 66 परीक्षा केन्द्रों में 28 हजार से अधिक परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा देंगे।

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षाओं में 28283 परीक्षार्थी इस वर्ष 2025-26 में शामिल होंगे। जिसमें हाई स्कूल के 16109 नियमित व 102 स्वाध्यायी परीक्षार्थी एवं हायर सेकेण्ड्री के 11912 नियमित व 160 स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल हैं। जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षाओं में नकल न हो इसके लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिए उड़नदस्ता की व्यवस्था रहेगी। जिला शिक्षा विभाग के साथ ही कलेक्टर पैनल एवं संभागीय उड़नदस्ता की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा 10 फरवरी से आरंभ होंगी। जिला शिक्षा विभाग द्वारा घोषित परीक्षा तिथियों के अनुसार ही सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं।

बताया गया है कि फरवरी माह में परीक्षा केन्द्रों के लिए केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति के लिए भी सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया जाएगा। इस वर्ष केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति के लिए अलग तरीके अपनाए जा रहे हैं। जिसके चलते केन्द्राध्यक्ष बनने के लिए जो होड़ पूर्व में देखी जाती थी वह इस वर्ष नहीं दिखेगी। बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालयों का परीक्षा परिणाम भी बेहतर आए इसको लेकर भी लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। जिससे बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट इस वर्ष पूर्व की अपेक्षा बेहतर आ सके। परीक्षार्थी भी अब परीक्षाओं के नजदीक आने के कारण अपनी पठन-पाठन की व्यवस्था को पुख्ता करने में जुटे हुए हैं। जिससे उनके परीक्षा नतीजे अच्छे आ सकें।

संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का ब्यौरा

सीधी जिले में कलेक्टर के अनुमोदन के बाद 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 66 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें 13 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील तथा 7 परीक्षा केन्द्र अति संवेदनशील घोषित किए गए हैं। अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों में शाउमावि कमर्जी, शाउमावि हटवा खास, शाउमावि बघवार, शाउमावि धुम्मा, शाउमावि हिनौती, शाउमावि सुड़वार, शाउमावि कंधवार शामिल हैं। इसी तरह संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों में बहु कन्या रामपुर नैकिन, शाउमावि हनुमानगढ़, शाउमावि लकोड़ा, शाउमावि ममदर, शाउमावि सेमरिया, शाउमावि सपही, शाउमावि खड्डी, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रामपुर नैकिन, शाउमावि बहरी, शाउमावि पतुलखी, कन्या सीएम राइज स्कूल सीधी के स्वाध्यायी होने के कारण शामिल हैं।

इनका कहना है

जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री परीक्षाओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण हो चुका है। परीक्षा केन्द्रों में नकल रोंकने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बनाई जाएंगी। साथ ही संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों में अतिरिक्त सुरक्षा की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण गठित उड़नदस्तों के द्वारा भी लगातार होती रहेगी।

पी.के.सिंह. जिला शिक्षा अधिकारी सीधी

राज्य शिक्षा केन्द्र व आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में साक्षरता प्रशिक्षण आयोजित

मोबाइल एप के माध्यम से किया गया असाक्षर पंजीयन

नवभारत न्यूज

सीधी 15 जनवरी। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशन तथा जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी के मार्गदर्शन में विकासखण्ड मझौली अंतर्गत सभी शिक्षित सीआरपी एवं असाक्षर दीदियों हेतु प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान साक्षरता जागरूकता बढ़ाने एवं शिक्षा के महत्व को आमजन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर मोबाइल साक्षरता एप के उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही अक्षर साथी पंजीयन, असाक्षर पंजीयन, सामाजिक चेतना केन्द्र एवं अध्ययन केन्द्रों का निर्धारण, साक्षरता पंजी का संधारण तथा साक्षरता कक्षाओं के संचालन जैसे विषयों पर प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कई साक्षर दीदियों का अक्षर साथी के रूप में पंजीयन कराया गया तथा मौके पर ही मोबाइल एप के माध्यम से असाक्षर पंजीयन किया गया। अक्षर पोथी के माध्यम से असाक्षरों को पढ़ाने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कक्षा 8 उत्तीर्ण सभी साक्षर दीदियों को अक्षर साथी के रूप में पंजीकृत किए जाने को लक्ष्य के रूप में निर्धारित किया गया। कार्यक्रम में आजीविका मिशन से जुड़ी सभी असाक्षर दीदियों तथा उनके परिवार एवं परिवेश के अन्य असाक्षरों का साक्षरता मोबाइल एप के माध्यम से पंजीयन कर आगामी साक्षरता परीक्षा में शामिल कराने का आह्वान किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन पुष्पेन्द्र सिंह एवं जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी पंकज पाण्डेय के समन्वय से यह कार्यक्रम मझौली विकासखण्ड अंतर्गत सीएलएफ सेंटर छुही, खड़ौरा, दादर एवं टिकरी में आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के सुचारू संचालन में चन्द्रेश्वरी प्रसाद तिवारी बीएसी, चन्द्रकांत सिंह विकासखंड प्रबंधक आजीविका मिशन, विकास तिवारी सह समन्वयक साक्षरता एवं संजीव सिंह का विशेष सहयोग रहा। वहीं प्रशिक्षक के रूप में रण बहादुर सिंह, रामदत्त पनिका, छत्रमणि पाण्डेय, अमर सिंह, राजाराम यादव, प्रदीप कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार मिश्रा, मुकेश शर्मा, यज्ञ प्रताप सिंह एवं रघुनंदन पनाड़िया ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिवम कुशवाहा व अंकुर मिश्रा राष्ट्रीय शालेय वुशू प्रतियोगिता मणिपुर में भाग लेने रवाना

नवभारत न्यूज

सीधी 15 जनवरी। वूशु ट्रेनिंग सेंटर पुलिस लाईन सीधी के प्रतिभाशाली वुशू खिलाड़ी शिवम् कुशवाहा व अंकुर मिश्रा का चयन 69वीं राष्ट्रीय शालेय वुशू प्रतियोगिता 2026 के लिए हुआ है, जो शिक्षा विभाग के अंतर्गत मणिपुर में आयोजित की जा रही है।

शिवम कुशवाहा 48 किग्रा., अंकुर मिश्रा 85 किग्रा. ने रीवा संभाग टीम से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसके आधार पर उन्होंने मध्य प्रदेश वुशू टीम में 48, 85 किलोग्राम वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की है। इनकी इस सफलता का श्रेय सीधी पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी एवं एडिशनल एसपी व जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीधी अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिला खेल प्रशिक्षक खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी के कोच मानिंद शेर अली खान राष्ट्रीय वुशू रेफरी को दिया। इनके अलावा दीनानाथ केवट पीटीआई ज्योत्सना स्कूल हड़बड़ो, जिला वूशु संघ सचिव मनीषा खान जानकारी देते हुए बताया कि शिवम कुशवाहा, अंकुर मिश्रा ने नियमित रूप से वुशू खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह राष्ट्रीय शालेय वुशू प्रतियोगिता इम्फाल वेस्ट मणिपुर में 14 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में चयनित होकर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। शिवम् कुशवाहा व अंकुर मिश्रा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर म.प्र. वुशू संघ के अध्यक्ष जयदीप प्रसाद (आईपीएस), जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीधी अरविंद श्रीवास्तव, म.प्र. वुशू संघ के सचिव मनोज गुप्ता, डीईओ पी.के.सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग हरिशंकर पाण्डेय, जिला वुशू संघ सीधी के पदाधिकारी, मो.अशरफ पीटीआई चौफाल, आर.बी.सिंह पीटीआई, अंबिकेश यादव, पवन यादव, शिवम जायसवाल, आकाश कुशवाहा, अंबर सेन, अंकित सेन, अनीशा यादव, सपना सोंधिया, काजोल बनर्जी, मनोज जायसवाल, मुकेश मिश्रा, अवनी मिश्रा, रिया द्विवेदी सहित उनके अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में की गौ-सेवा

नवभारत न्यूज

सीधी 15 जनवरी। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ द्वारा गौसेवा का एक सराहनीय पहला किया गया। इस अवसर पर गोवंश को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के उद्देश्य से गायों के गले में रिफ्लेक्टिव रेडियम के पट्टे बांधे गए।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष सोनम भरत सिंह चौहान ने किया। उनके साथ उपाध्यक्ष भारती सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नीलम सिंह चौहान एवं महासचिव नम्रता सिंह बघेल की सक्रिय सहभागिता रही। गौ-सेवकों को लगभग 150 रेडियम पट्टे प्रदान किए गए, ताकि उनके सहयोग से इस अभियान को बड़े स्तर पर चलाया जा सके और अधिक से अधिक गोवंश को दुर्घटनाओं से सुरक्षित किया जा सके। इस सेवा कार्य का विचार उस समय उत्पन्न हुआ जब क्षत्रिय महासंघ की अध्यक्ष सोनम भरत सिंह चौहान व रीवा से लौट रही थीं। उस दौरान उन्होंने सड़क दुर्घटना में एक साथ 8 से 10 गोवंश को घायल अवस्था में देखा। यह दृश्य अत्यंत भयावह था। तभी उनके मन में यह विचार आया कि यदि इन गोवंशों के गले में रिफ्लेक्टिव रेडियम के पट्टे होते तो संभवत: उनकी जान बचाई जा सकती थी। इसी भावना से प्रेरित होकर उन्होंने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर इस कार्य को करने के लिए पहल किया इस सेवा कार्य को सफल बनाने में उपाध्यक्ष भारती सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नीलम सिंह चौहान तथा महासचिव नम्रता सिंह बघेल का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। उन्होंने इस कार्यक्रम की आवश्यकता को समझते हुए उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग प्रदान किया, जिसके लिए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ उनका हृदय से आभार व्यक्त करता है।

डी-डुप्लीकेशन प्रक्रिया का वन टाइम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

सीधी 15 जनवरी। सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने जानकारी दी है कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए डी-डुप्लीकेशन की प्रक्रिया अंतर्गत वन टाइम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से किया जाना है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिले की समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के प्राचार्य/संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार एमपीटास पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

हौसलों की उड़ान कार्यक्रम से महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा, 27 स्थानों में आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 15 जनवरी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं सीईओ जिला पंचायत सीधी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन तथा जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत नयी चेतना अभियान 4.0 के तहत मकर संक्रांति के अवसर पर हौसलों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम 13 से 15 जनवरी तक जिले के समस्त विकासखंडों के 27 संकुल स्तरीय संगठनों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को उजागर करना तथा महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य एवं जेंडर समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता को सुदृढ़ करना रहा। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं में आत्म विश्वास, सहभागिता एवं नेतृत्व क्षमता के विकास पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 13 जनवरी को लखपति दीदी संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें सफल महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग महोत्सव एवं तिल-गुड़ बैठक आयोजित कर सामाजिक समरसता एवं सहभागिता को बढ़ावा दिया गया। 15 को स्वस्थ एवं सुरक्षित पंचायत की पहल के तहत महिला स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर लगाए गए। श्रीमती हर्षिका सिंह सीईओ म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य, पोषण एवं निर्णय-निर्माण में सक्रिय भूमिका जैसे विषयों पर संवाद और गतिविधियां आयोजित की गईं, जिससे समूह की महिलाओं की समझ और क्षमताओं को मजबूती मिली।

डिजिटल एवं कार्यात्मक साक्षरता की दिशा में पहल

कार्यक्रम के दौरान प्रौढ़ शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जिले के समस्त विकासखंडों में स्व-सहायता समूहों की अक्षर दीदियों का एनआईएलपी एप्लीकेशन में पंजीयन कराया गया। इस पहल से महिलाओं को डिजिटल एवं कार्यात्मक साक्षरता से जोड़ने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया गया।

पूर्व सांसद गोविंद मिश्र को पितृ शोक, शोक संवेदना व्यक्त करने लगा तांता

नवभारत न्यूज

चुरहट 15 जनवरी। सीधी के पूर्व सांसद एव चुरहट क्षेत्र के पूर्व विधायक गोविंद मिश्र के पिता हनुमान प्रसाद मिश्र के निधन से समूचा क्षेत्र व व जिला मे शोक की लहर छायी हुयी है।



बता दें कि हनुमान प्रसाद मिश्र का व्यक्तित्व कोई साधारण नही रहा। उनका समाज व क्षेत्र में चर्चित नाम रहा। वो अपने समय में कांग्रेस के दिग्गज नेता स्व.अर्जुन सिंह के काफी करीबी व सहयोगी भी रहे। पंडित हनुमान मिश्र साधारण व्यक्तियो में नही रहे, उनके निधन पर हजारों से ऊपर की संख्या में चाहने वाले व शुभचिंतकों ने गृह ग्राम कोष्टा पहुंचकर अंतिम दर्शन किया तथा अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किये। वही चुरहट सहित सीधी जिले के अलावा अन्य कई जिलों के नेता, जनप्रतिनिधियों का तांता लगा हुआ है।

पूर्व सांसद के पिताश्री के निधन पर नगर परिषद चुरहट अध्यक्ष श्रीमती मोनिका विजय गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद चुरहट श्रीमती पूर्णिमा पटेल, पूर्व अध्यक्ष रामभिलाष पटेल, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, सुधीर शुक्ला तितिरा, कमलेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष अजय पाण्डेय, सुखनंदन सोनी, पुरूषोत्तम दास गुप्ता, एडवोकेट शांतशिरोमणि पयासी, पूर्व पार्षद मेदनी शर्मा, रमाकांत पाण्डेय, अरविंद गुप्ता, दीपक पाण्डेय, एडवोकेट का.आनंद पाण्डेय, का.बद्री मिश्रा, नारेन्दमणि पाण्डेय, विजय सिंह, लालबहादुर सिंह, राजेन्द पाण्डेय, बसंत लाल गुप्ता, अनुसुइया सोनी, अखिलेश सिंह हर्दिहा, बच्चू सिंह सहित नगर के गणमान्य, जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ो लोगो ने गहरा दुख व्यक्त करते हुये शोक संवेदना व्यक्त किये है।

जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सांदीपनि कन्या विद्यालय की छात्रा प्रथम

नवभारत न्यूज

सीधी 15 जनवरी। जिला शिक्षा केन्द्र सीधी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सत्र 2025-26 में सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी की छात्रा पूर्णिमा तिवारी ने सामाजिक विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

छात्रा सुश्री पूर्णिमा तिवारी पिता रजनीश तिवारी द्वारा प्रस्तुत सामाजिक विज्ञान का मॉडल विषयवस्तु, नवाचार एवं प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण की दृष्टि से अत्यंत सराहनीय रहा, जिसे निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। इस उपलब्धि से छात्रा ने विद्यालय, विकासखंड एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आरती पाण्डेय ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रा की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन एवं विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। इस उपलब्धि में वरिष्ठ शिक्षक राम सुशील यादव सहित मार्गदर्शी शिक्षक आशीष पांडे, हीरालाल शुक्ला, जयशंकर उपाध्याय, संजय कुमार पाण्डेय, हीरालाल साहू, मुकेश सिंह, नरेश तिवारी एवं अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय परिवार एवं छात्रा के अभिभावकों ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सीधी चैलेंज कप सीजन-9 : एमपीएसपी क्लब हैदराबाद रोमांचक मुकाबले में एक रन से जीती

कुंवर एंड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 के ग्यारहवें दिन के मैच में सिद्धू ग्रुप, करणी सेना, एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद और चौहान स्टोन क्रेशर जम्मू कश्मीर के बीच हुई कांटे की टक्कर

नवभारत न्यूज

सीधी 15 जनवरी। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में सिद्धू ग्रुप, करणी सेना, एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट क्लब हैदराबाद और चौहान स्टोन क्रेशर जम्मू कश्मीर के मध्य हुए ग्यारहवें दिन के मैच में हैदराबाद से एक रन से जीत दर्ज कराते हुए आज के मैच को अपने नाम किया।

कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज के मैच में आज ग्यारहवें दिन के मैच मे सुबह छत्रसाल स्टेडियम में अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा द्वारा राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद के फ्रेंचाइजी हरपाल सिंह बुल्ले और जम्मू कश्मीर के फ्रेंचाइजी ओनर अनिल सिंह दादरी की गरिमामय उपस्थित में दोनों टीमों के कप्तानों द्वारा टॉस किया गया। टॉस जीतकर हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद बल्लेबाजी करते हुए 35 ओव्हर में 9 विकेट के नुकसान के साथ 265 रनों का का लक्ष्य जम्मू कश्मीर के सामने रखा, जिसमें दीपांशु चौहान द्वारा शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 74 गेंद में 3 छक्के 15 चौकों की मदद से शानदार 110 रन बनाएं। जबावी पारी में जम्मू कश्मीर की टीम शानदार बल्लेबाजी करते हुए अंतिम गेंद तक लक्ष्य का पीछा किया और एक रन से मैच हार गए। जिसमें कार्तिक द्वारा शानदार बल्लेबाजी करते हुए 99 ने गेंद में 6 छक्के 11 चौकों की मदद से 125 रन की विशाल पारी खेली गई। आज के मैच में अंपायर के रूप में राकेश सिंह चंदेल और जितेन्द्र गुप्ता रहे। स्कोरर बी कृष्ण कुमार एवं हर्ष गुप्ता रहे। कमेंटेटर के रूप में प्रेम कुमार, बालेन्द्र कुशवाहा और सौरभ सिंह रहे।

दिल्ली और मालदीव के बीच मुकाबला आज

छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का बारहवां मैच 16 जनवरी को भूमि एसोसिएट्स दिल्ली और केडी कांस्ट्रक्शन क्रिकेट बोर्ड ऑफ मालदीव के बीच 16 जनवरी को सुबह 10 बजे रोमांचक मैच खेला जाएगा। दिल्ली लगातार दो मैच जीत चुकी है और फाइनल में अपना स्थान बना चुकी है। वहीं मालदीव दो मैच हार चुकी है तो यह मैच मालदीव के लिए जीतना बहुत महत्वपूर्ण होगा, इसलिए यह मैच काफी रोमांचक रहेगा है।

दीपांशु चौहान को मिला प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच

सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का ग्यारहवा मैच एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट क्लब हैदराबाद और चौहान स्टोन क्रेशर जम्मू कश्मीर बीच खेला गया। यह मैच प्रारंभ से ही काफी रोमांचक रहा। रोमांचक मुकाबले में कांटे की टक्कर हुई और मात्र एक रन से हैदराबाद को जीत मिली। हैदराबाद के दीपांशु चौहान जिन्होंने मात्र 74 गेदों मे 3 छक्के और 15 चौके की मदद से 110 रन बनाएं को समिति के उपाध्यक्ष अजीत सिंह, इंजी.आर.बी.सिंह, फ्रेंचाइजी एमपीपीएस क्लब हैदराबाद महेश प्रताप सिंह परिहार, राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद कोच सुदर्शन जी राजू, जम्मू कश्मीर के फ्रेंचाइजी ओनर अनिल सिंह ददरी की गरिमामय विशेष उपस्थिति में मैन ऑफ द मैच प्रताप मार्बल की ओर से राजेश सिंह, राकेश सिंह एवं मोहित सिंह द्वारा दिया गया।